भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारत में हवाईअड्डा अधिकारियों के उन्नयन हेतु आईएएई-भारत प्रमाणन कार्यक्रम

नई दिल्ली, 6 जून, 2023: इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एयरपोर्ट एक्जीक्यूटिव्स (आईएएई)-भारत प्रमाणन कार्यक्रम हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय विमानन अकादमी परिसर, वसंत कुंज में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) का प्रतिनिधित्व करने वाले 19 और जीएमआर के 16 उम्मीदवारों ने भाग लिया। भाविप्रा और जीएमआर के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, इन उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा किया और उनकी इस उपलब्धि हेतु प्रमाण पत्र और स्मृति पट्टिकाएं प्रदान की गईं।

1928 में स्थापित, अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ एयरपोर्ट एक्जीक्यूटिव्स (एएएई) विमानपत्तन अधिकारियों के लिए विश्व के सबसे बड़े पेशेवर निकायों में से एक बन गया है। 1992 में, वैश्विक विस्तार की आवश्यकता को पहचानते हुए, एएएई ने इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ एयरपोर्ट एक्ज़िक्यूटिव्स (आईएएई) की स्थापना की। 5 नवंबर,2018 को भारतीय विमानन अकादमी और जीएमआर विमानन अकादमी के साथ साझेदारी में आईएएई-भारत की आधारशिला पर इमारत तैयार की गई। इसका उद्देश्य विशेष रूप से भारत में हवाई अड्डा अधिकारियों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम और सदस्यता विकसित करना था।

यह सहयोगात्मक प्रयास और उल्लेखनीय उपलब्धि, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारत में हवाई अड्डे के अधिकारियों के कैरियर को आगे बढ़ाने में आईएएई-भारत को महत्वपूर्ण बनाती है। यह प्रतिभागियों के समर्पण और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है और हवाईअड्डा प्रबंधन के क्षेत्र में पेशेवर विकास को बढ़ाने के लिए आईएएई-इंडिया द्वारा प्रदान किए गए मूल्यवान अवसरों पर प्रकाश डालता है।

भारतीय विमानन अकादमी (आईएए) विमानन में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक प्रमुख संस्थान है। यह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की संयुक्त प्रशिक्षण अकादमी के रूप में कार्य करता है। आईसीएओ ट्रेनेयर प्लस (टीपीपी) कार्यक्रम का एक पूर्ण सदस्य, यह अकादमी विमानन के सभी क्षेत्रों में प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ अनुभव के आधार पर शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: मप्र (सीसी) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 9/2023-24